फा. सं. 9-5/2019-एफईएस-ई.एस.

भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय

(एफई अनुभाग)

कमरा सं. 450, कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 1 अप्रैल, 2021

श्री सिराज खान,
19K/8A, Kandhaipur Road, ,
Harwara, Preetam Nagar, Dhoomangaj, ,
Allahbad (Pryagraj) Uttar Pradesh., Pin:211011
Mobile No. 9919555151

विषय: **जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत पंजीकरण संख्या डीओईएएस/आर/टी/21/00036 दिनांक 09/03/2021 एवं पंजीकरण संख्या डीओईएएस/आर/टी/21/00039 दिनांक 18/03/2021 को भेजे गये आवेदन के सन्दर्भ में अपेक्षित जानकारी।**

महोदय,

कृपया सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत दिनांक 04/03/2021 का पत्र जो कि इस कार्यालय को दिनांक 19/03/2021 को प्राप्त हुआ है का अवलोकन करें। उपरोक्त पत्र के बिंदु संख्या 1 तथा 2 (आंशिक रूप से सम्बंधित) हेतु एफई प्रभाग से सम्बन्धित सूचना इस प्रकार है।

सरकार, कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफ़ारिशों के आधार पर राज्य सरकारों और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के विचारों और अन्य संगत कारकों पर विचार करके 22 अधिदेशित कृषि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों (एमएसपी) का निर्धारण करती है। 22 अधिदेशित फसलों में 14 खरीफ फसलें यथा धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, तूर(अरहर), मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, रामतिल, कपास तथा 6 रबी फसलें यथा गेहूं, जौ, चना, मसूर (लेंटिल), रेपसीड एवं सरसों, कुसुम्भ तथा 2 वाणिज्यिक फसलें यथा पटसन एवं कोपरा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, तोरिया एवं छिलका रहित नारियल के न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारण भी क्रमश: रेपसीड एवं सरसों तथा कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्यों के आधार पर किया जाता है। एमएसपी की सिफारिश करते समय, सीएसीपी भूमि, जल एवं अन्य उत्पादन संसाधनों के युक्तिसंगत उपयोग सुनिश्चित करने के साथ-साथ उत्पादन लागत, समग्र मांग-आपूर्ति की स्थिति, घरेलू और अंतराष्ट्रीय मूल्यों, अंतर फसल मूल्य समता, कृषि और गैर कृषि क्षेत्रों के बीच व्यापार की शर्तों, शेष अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव एवं एमएसपी के सम्बन्ध में उत्पादन लागत के ऊपर कम से कम 50 प्रतिशत लाभ जैसे महत्वपूर्ण कारकों पर विचार करता है।

2018-19 के केन्द्रीय बजट में एमएसपी को उत्पादन लागत के कम से कम डेढ़ गुणा के स्तर पर रखने के पूर्व निर्धारित सिद्धांत की घोषणा की गई थी। तदनुसार, कृषि वर्ष 2018-19 से सरकार ने सभी अधिदेशित खरीफ, रबी एवं व्यवसायिक फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत मुनाफे के साथ बढ़ोतरी की थी। सरकार ने अभी हाल ही में दिनांक **1 जून, 2020** को 2020-21 मौसम की सभी अधिदेशित खरीफ फसलों एवं दिनांक **21 सितम्बर, 2020** को 2020-21 मौसम की सभी अधिदेशित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत मुनाफा प्रदान करने के सिद्धांत के तर्ज पर की है। सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 हेतु निर्धारित एमएसपी के विवरण अनुबंध में दिए गये हैं।

इसके अतिरिक्त यह भी बताया जाता है कि पूरे देश के लिए एमएसपी का समग्र रूप से निर्धारण किया जाता है न कि किसी क्षेत्र या राज्य विशेष के लिए। सीएसीपी द्वारा कृषि जिन्सों के लिए मूल्यनीति तैयार करते समय क्षेत्र विशिष्ट मानकों पर विचार किया जाता है। चूंकि विभिन्न राज्यों में सिंचाई के स्तरों, संसाधन उपलब्धता, फार्म मशीनीकरण, भू-जोत आकार आदि के कारण सीओपी अलग-अलग होता है, अत: सीएसीपी अपनी सिफारिशें करते समय अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर विचार करता है। तथापि, सीएसीपी यह सुनिश्चित करता है पारिवारिक श्रम सहित सभी भुगतान की गई लागतें उसके द्वारा अनुशंसित एमएसपी में कवर हो जाएं।

उत्तर के विरुद्ध यदि कोई अपील हो तो **श्री पी. संगीत कुमार, सलाहकार एवम अपीलीय प्राधिकारी**, कमरा संख्या 445-ए, अर्थ एवम सांख्यकी निदेशालय, कृषि भवन, नई दिल्ली, दूरभाष संख्या- 011-23382236, को उत्तर की प्राप्ति के 30 दिन के भीतर दर्ज की जा सकती है।

श्वेता साहनी
1/4/2021

(श्वेता साहनी)

आर्थिक अधिकारी

प्रतिलिपि:

1. **श्री अनराग भटनागर,** सीपीआईओ एवम सहायक आर्थिक सलाहकार (समन्वय), कमरा संख्या 416, कृषि भवन, नई दिल्ली।

2. आरटीआई, एकक, डीएसी&एफ़डब्लू, कृषि भवन, नई दिल्ली

अनुबंध

(रू. प्रति क्विंटल)

जिन्स	एमएसपी (2020-21)
खरीफ फसलें	
धान (सामान्य)	1868
(ग्रेड ए)	1888
ज्वार (हाईब्रिड)	2620
(मालदंडी)	2640
बाजरा	2150
रागी	3295
मक्का	1850
तूर (अरहर)	6000
मूंग	7196
उड़द	6000
कपास (मध्यम रेशे)	5515
(लंबे रेशे)	5825
मूंगफली	5275
सूरजमुखी बीज	5885
सोयाबीन (पीला)	3880
तिल	6855
रामतिल	6695
रबी फसलें	
गेहूं	1975
जौ	1600
चना	5100
मसूर (लेंटिल)	5100
रेपसीड एवं सरसों	4650
कुसुम्भ	5327
तोरिया	4650
अन्य फसलें	
कोपरा(मिलिंग)	9960
(बॉल)	10300
छिलका रहित नारियल	2700
पटसन	4225